मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में तेल शोधक कारखानों की स्थापना

2144. **श्री अजीत जोगी:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में तेल शोधक कारखानों की स्थापना हेतु विदेशी सहायता की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) किन-किन स्थानों पर इन तेल शोधक कारखानों की स्थापना किये जाने की संभावना है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी॰ शंकरानन्द): (क) जी. नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) **8वीं और 9वीं पंच वर्षीय योजनावधि के दौरान पूर्वी भारत, मध्य भारत और पश्चिमी भारत में अवस्थित की जाने वाली तीन नई ग्रासरूट रिफाइनरियों को स्थापित किये जाने के प्रस्ताव हैं।**

मध्य प्रदेश में तेल के भण्डार

2145. **श्री अजीत जोगी:**
कुमारी आलिया:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस आयोग और भारतीय भू सर्वेक्षण विभाग ने मध्य प्रदेश के सरगुजा दमोह, आदि में तेल और प्राकृतिक गैस के बड़े भण्डारों की अवस्थिति की संभावनाओं का पता लगाया है; और

(ख) यदि हां, तो इन क्षेत्रों में तेल प्राकृतिक गैस के भण्डारों का पता लगाने के लिए सरकार कौन-कौन सी योजनाएं बनाने का विचार रखती है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी॰ शंकरानन्द): (क) और (ख) तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने मध्य प्रदेश में भू-वैज्ञानिक और भू-भौतिक सर्वेक्षण किए हैं और दमोह जिले में जेबरा में अन्वेषण कुएं की जांच की जा रही है। तिखी (शहडोल जिला) स्थित अन्य स्थान का ड्रिलिंग के लिए पता लगाया गया है। इसके अतिरिक्त बोली के चौथे दौर के अन्तर्गत भारतीय और विदेशी निजी कम्पनियों को अन्वेशण के लिए उस राज्य के पूर्णतः या आंशिक रूप से मौजूद आठ ब्लाकों को दिया जा रहा है।

रसोई गैस का उतपादन

2146. **श्री अजीत जोगी:**
कुमारी आलिया:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान रसोई गैस की मांग और उसके उत्पादन में प्रतिवर्ष कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है;

(ख) रसोई गैस की मांग और पूर्ति के बीच मौजूदा अन्तर को कम करने के लिए यदि कोई कार्यवाही की गई है या किये जाने का विचार है तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) कुल जनसंख्या के कितने प्रतिशत को ईंधन के रूप में रसोई गैस उपलब्ध है; और

(घ) शेष जनसंख्या को यह सुविधा कब तक प्रदान कर दिये जाने की संभावना है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी॰ शंकरानन्द): (क) और (ख) एल॰पी॰जी॰ का उत्पादन 1988-89 में 1760 टी एम टी, 1989-90 में 1948 टी एम टी और 1990-91 में 2144 टी एम टी था। एल॰पी॰जी॰ की मांग हमेशा से काफी अधिक रही है। उपलब्धता में वृद्धि संबंधी उठाए गए कदमों में देशी उत्पादन और आयात में वृद्धि शामिल है।

(ग) 1.1.92 के अनुसार देश में पैक्ड एल॰पी॰जी॰ का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 176.56 लाख थी।

(घ) यथाशीघ्र अधिक से अधिक आवेदकों को एल॰पी॰जी॰ कनेक्शन देने के लिए लगातार प्रयत्न जारी हैं।

Formulation of Oil Policy

2147. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the country now exploits only 4 percent of identified oil reserves as against an average of 40 per cent by other oil producing countries;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) whether there is any proposal to formulate an oil policy;

(d) if so, what are the details thereof; and

(e) if not, what are the reasons therefor?